भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1146
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र में एआई

†1146. श्री पी. पी. चौधरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए वर्चुअल गाइड, क्राउड प्रिडिक्शन ऐप और बहुभाषी चैटबॉट जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करते हुए स्मार्ट पर्यटन पहल शुरू की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नया अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल राजस्थान में विशेषकर पाली जिले के कम प्रसिद्ध स्थलों को हाइलाइट करने के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए एआई-संचालित व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है, यदि हां, तो कितने उपयोगकर्ता इसका उपयोग कर रहे है;

(ग) क्या पर्यटन क्षेत्र में विशिष्ट भारतीय एआई समाधान विकसित करने के लिए तकनीकी स्टार्टअप और स्थानीय नवप्रवर्तकों के साथ कोई साझेदारी की गई है, यदि हां, तो इसकी सफलता की कहानियां और नवाचार क्या-क्या हैं; और

(घ) क्या एआई-संचालित किसी पायलट परियोजना ने पर्यटकों की संतुष्टि और स्थानीय आर्थिक लाभ में सुधार करने में आशाजनक परिणाम दर्शाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न अवसंरचना संबंधी योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय, राज्य सरकारों को उक्त योजनाओं के तहत स्वीकृति हेतु उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले परियोजना प्रस्तावों में प्रौद्योगिकी के उपयोग वाले

सॉफ्ट घटकों को शामिल करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि प्रमुख पर्यटक स्थलों में आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके।

पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान सहित देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौन्दर्य और विविध आकर्षणों को जानने के इच्छुक यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल मंच (आईआईडीपी) के संशोधित संस्करण की शुरुआत की है। अतुल्य भारत डिजिटल मंच (आईआईडीपी) मौसम की अद्यतन जानकारी, सिटी एक्स्प्लॉरेशन और यात्रा संबंधी अनिवार्य सेवाएं प्रदान करके आगंतुकों के अनुभव को व्यक्तिगत रूप देता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के स्मारकों के लिए फ्लाइट, होटल, कैब्स और बस तथा टिकिट की निर्बाध बुकिंग हेतु इस पोर्टल से कई ऑनलाइन यात्रा एजेंटों (ओटीए) और हितधारकों को भी जोड़ा गया है।

******